Hindustan-New Delhi-07-05-2011

सेमसंग व डीटीयू का हुआ करार

नई दिल्ली। दिल्ली टेक्नोलॉजिकल विश्वविद्यालय ने सेमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया है। शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में यह एमओयू डीटीयू के वाइस चांसलर पी.बी.शर्मा और सेमसंग सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग लैब-इंडिया के मेनेजिंग डायरेक्टर जैसन डी. क्वॉक के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अथिति गर्वनमेंट ऑफ एनसीटी के चीफ सेकेट्ररी आईएएस पी.के.त्रिपाठी मौजूद थे।

यह एमओयू छात्रों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। इसके तहत सेमसंग डीटीयू के पांच छात्रों को छह हफ्तों के लिए प्रशिक्षु के तौर पर रखेगा। इसके लिए वह छात्रों को अनुभव के साथ-साथ पारितोषक भी देगा। यही नहीं सेमसंग के कर्मचारी डीटीयू में एमटेक कर सकेंगे साथ ही पीएचडी में उनके लिए दो सीटें भी आरक्षित रहेगी।